# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी

# जुलाई, 2026

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से नि:शुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी जुलाई, 2026
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 July, 2026

- **हाल ही में जनरल धीरज सेठ भारतीय सेना के नए सेना प्रमुख बन गए हैं। इससे पहले वे सेना के उप-प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने 1986 में भारतीय सेना की बख्तरबंद कोर में कमीशन प्राप्त किया था। इसके साथ ही निवर्तमान सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी सेवानिवृत्त हो गए हैं।**
- **भारतीय सेना 'बाज' बटालियन बनाएगी; लंबी दूरी के ड्रोन करेंगे हमला–**

  ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना अपनी ड्रोन क्षमता को और मजबूत करने जा रही है। सेना ने लंबी दूरी के ड्रोन के संचालन के लिए विशेष 'बाज' बटालियन बनाने का फैसला किया है। इन बटालियनों को सेना की एविएशन कोर के तहत रखा जाएगा। इनका काम लंबी दूरी तक निगरानी रखना, लक्ष्य की पहचान करना और जरूरत करने पर हमला करना होगा। यह अमरीका से खरीदे जा रहे एमक्यू-9बी, इजराइल के हेरॉन और हर्मीस के साथ-साथ देश में विकसित ड्रोन का भी संचालन करेगी।

  उल्लेखनीय है कि 'बाज' बटालियन मौजूदा 'अशिनी' ड्रोन पलटन से अलग होगी। अशिनी पलटन पैदल सेना के साथ तैनात रहती है और सीमित क्षेत्र में सामरिक निगरानी करती है, जबकि 'बाज' बटालियन लंबी दूरी तक अभियान चलाने में सक्षम होगी।
- **1 जुलाई, 2026 से ग्रामीण रोजगार गारंटी के लिए मनरेगा की जगह नई योजना 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण' (वीबी-जी राम जी) पूरे देश के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू हुई। नई योजना के तहत बेरोजगार ग्रामीण पात्र परिवारों को काम माँगने पर साल में 125 दिन सुनिश्चित रोजगार मिलेगा। मनरेगा में साल में 100 दिन रोजगार की गारंटी थी।**

## Newspaper of 2 July, 2026

- **हाल ही में केन्द्र सरकार ने विदेश सचिव विक्रम मिसरी का कार्यकाल एक वर्ष बढ़ा दिया है। 1989 बैच के आईएफएस अधिकारी मिसरी ने 2024 में विदेश सचिव का पद संभाला था। उन्हें चीन मामलों का जानकार माना जाता है। वे कई देशों में भारत के राजदूत रहे हैं।**
- **हाल ही में भारत सरकार की संगीत नाटक अकादमी ने मेहर वाद्यवृंद के प्रमुख वाद्ययंत्र 'नलतरंग' को राष्ट्रीय अमृत सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल कर लिया है। मेहर वाद्यवृंद की स्थापना 1918 में संगीत सम्राट उस्ताद बाबा अलाउद्दीन खाँ ने की थी। उन्होंने सामूहिक वादन की अनूठी परंपरा विकसित की। नलतरंग, जो बंदूक की नालियों से बनाया दुर्लभ वाद्ययंत्र है।**
- **चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने देश में 1 जुलाई, 2026 से 'एथनिक यूनिटी एंड प्रोग्रेस प्रमोशन लॉ' लागू कर दिया है। इसके तहत भाषा, शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रीय पहचान को एक जैसा बनाने पर जोर दिया गया है। इससे अल्पसंख्यकों की पहचान कमजोर पड़ सकती है।**

## Newspaper of 3 July, 2026

- **जापान की पीएम साने ताकाइची का भारत दौरा; भारत-जापान के बीच 129 करार हुए–**

  भारत और जापान ने आर्थिक सहयोग को नई ऊँचाई देने का लक्ष्य रखा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत दौरे पर आई जापान की पीएम साने ताकाइची को अपनी छोटी बहन जैसी बताया। पीएम मोदी और जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने हरियाणा के खरखौदा में मारुति सुजुकी के चौथे मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन भी किया। करीब 35 हजार करोड़ रु. लागत वाले इस प्लांट में हर साल लगभग 10 लाख कारें बनेंगी। ये दुनिया के सबसे बड़े कार प्लांट में से एक होगा। लगभग 21 हजार लोगों को नौकरी भी मिलेगी। दोनों देशों में 129 करार हुए हैं।

  - मुंबई-अहमदाबाद के बीच बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट की लागत करीब 2 लाख करोड़ रु. में से लगभग 88 हजार करोड़ जापान ने देने का ऐलान किया।
  - जापान के सहयोग से भारत में खाद (फर्टिलाइजर) के करीब 1000 नए कारखाने लगाए जाएंगे।
  - दोनों देशों ने अगले 10 साल में भारत में 10 ट्रिलियन येन के जापानी निवेश का लक्ष्य भी रखा है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- दोनों देश टैलेंट मोबिलिटी, स्किल डेवलपमेंट, टेक इंटर्नशिप, रिसर्च, शिक्षा व स्टार्टअप में सहयोग बढ़ाएंगे।
- कारोबार का भुगतान सीधे भारतीय रुपए और जापानी येन में करने के लिए फ्रेमवर्क तैयार किया जाएगा।

## Newspaper of 4 July, 2026

- **3 जुलाई, 2026 को केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद् की बैठक हुई। इसमें करीब ₹ 52,000 करोड़ की रक्षा खरीद को मंजूरी दी गई। तीनों सेनाओं की मजबूती के लिए कई अहम हथियारों की खरीदी को मंजूरी मिली है।**

## Newspaper of 5 July, 2026

- **भारत के वैभव सूर्यवंशी सबसे कम उम्र में अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेटर बनें–**

4 जुलाई, 2026 को भारतीय क्रिकेट में एक नया इतिहास रचा गया। 15 साल 99 दिन उम्र के वैभव सूर्यवंशी के इंग्लैण्ड के खिलाफ टी-20 मैच में उतरते ही भारत के सबसे युवा अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेटर बन गए। उन्होंने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1989 में 16 साल 205 दिन की उम्र में पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू किया था। वैभव को तिलक वर्मा ने डेब्यू कैप सौंपी। टी-20 में वैभव भारत के 122वें खिलाड़ी बने, जबकि ओवरऑल अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की कैप पहनने वाले वे 418वें खिलाड़ी हैं।

भारत के सबसे युवा क्रिकेटर

| खिलाड़ी | डेब्यू पर उम्र | डेब्यू का वर्ष |
|---|---|---|
| वैभव सूर्यवंशी | 15 साल 99 दिन | 2026 |
| सचिन तेंदुलकर | 16 साल 205 दिन | 1989 |
| पीयूष चावला | 17 साल 75 दिन | 2006 |
| एल शिवारामकृष्णन | 17 साल 118 दिन | 1983 |
| पार्थिव पटेल | 17 साल 152 दिन | 2002 |

- **4 जुलाई, 2026 को अमेरिका ने अपना 250वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस मौके पर देश के कई हिस्सों में आतिशबाजी, परेड और ड्रोन शो हुए।**

## Newspaper of 6 July, 2026

- **पंडवानी में महाभारत गाने वाली पद्मविभूषण से सम्मानित तीजन बाई का निधन हुआ–**

5 जुलाई, 2026 से सदियों पुरानी पंडवानी परंपरा को बुलंद आवाज, सशक्त अभिनय और अद्भुत जीवंतता से दुनियाभर में पहचान दिलाने वाली पद्मविभूषण तीजन बाई (70) का निधन हो गया।

तीजन बाई के जाने के साथ लोक आत्मा का एक हिस्सा हमेशा के लिए मौन हो गया। जिस आवाज ने तंबूरे की एक-एक थाप पर भीष्म, अर्जुन, द्रौपदी और कर्ण को जीवंत कर दिया, वह आवाज अब स्मृतियों में रह गई।

**तीजन बाई को मिले प्रमुख पुरस्कार :** 1988 पद्मश्री, 1995 संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, 2003 पद्म भूषण, 2018 फुफुओका पुरस्कार (जापान), 2019 पद्म विभूषण।

- **हिंद महासागर में समुद्र तल पर बिछाया जाएगा सेंसर नेटवर्क; पनडुब्बियों की हो सकेगी 24 घंटे निगरानी–**

हिंद महासागर में चीन व पाकिस्तान की बढ़ती पनडुब्बी गतिविधियों के बीच भारत समुद्र तल पर स्थायी निगरानी तंत्र विकसित करने जा रहा है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने अंडरवॉटर फाइबर ऑप्टिक सेंसिंग सिस्टम (यूएफओएसएस) विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत समुद्र में सेंसर और फाइबर ऑप्टिक केबल का नेटवर्क बिछाया जाएगा, जो चौबीसों घंटे पनडुब्बियों और अन्य गतिविधियों पर नजर रख सकेगा।

डीआरडीओ की कोच्चि स्थित नेवल फिजिकल एंड ओशनोग्राफिक लेबोरेटरी (एनपीओएल) ने परियोजना के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) जारी किया है। चयनित कंपनी सिस्टम का विकास, आपूर्ति, समुद्र में तैनाती, संचालन शुरू कराने और रखरखाव का भी काम करेगी। इस परियोजना को पूरा करने के लिए 4 साल का वक्त तय किया गया है। खास बात है कि हिंद महासागर क्षेत्र में चीन लगातार पनडुब्बियों की मौजूदगी बढ़ा रहा है। वहीं पाकिस्तान चीन की हैंगोर श्रेणी की 8 आधुनिक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों को बेड़े में शामिल कर रहा है, जो लंबे समय तक पानी के भीतर रह सकती है।

- **असम विधानसभा के बजट सत्र से हिन्दी को भी आधिकारिक भाषा के रूप में शामिल किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष रणजीत कुमार दास के कहे अनुसार, यह निर्णय सामान्य प्रयोजन समिति की बैठक में लिया गया। अब सदन में असमिया, अंग्रेजी और बोडो के साथ हिन्दी का भी उपयोग किया जाएगा।**

## Newspaper of 7 July, 2026

- **उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर के जलालाबाद का नाम बदलकर परशुराम पुरी किया गया–**

6 जुलाई, 2026 को उत्तर प्रदेश कैबिनेट की हुई बैठक के निर्णयानुसार राज्य के शाहजहांपुर के जलालाबाद का नाम

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

बदलकर परशुरामपुरी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। यह स्थान भगवान परशुराम की जन्म स्थली मानी जाती है। इस कैबिनेट की बैठक में कुल 29 प्रस्ताव रखे गए थे, इनमें से स्टार्टअप नीति-2026 के प्रस्ताव के साथ 27 प्रस्तावों को मंजूरी मिल गई है।

- **केन्द्र सरकार सहकारी क्षेत्र में एक नई जीवन बीमा कंपनी स्थापित करेगी। इसका उद्देश्य सहकारी संस्थाओं की पहुँच वित्तीय सेवाओं तक बढ़ाना और देश में सहकारिता तंत्र को और मजबूत बनाना है।**
- **100 दिन में बनी स्वदेशी राइफल 'उग्रम'**

हाल ही में तेलंगाना की निजी रक्षा कंपनी द्विपा डिफेंस और डीआरडीओ ने मिलकर रिकॉर्ड 100 दिनों में 'उग्रम' बैटल राइफल विकसित की है। सभी जरूरी टेस्ट पूरे होने के बाद इसकी खरीद प्रक्रिया शुरू हो गई है।

- 7.62 × 51 मिमी कैलिबर
- 7.6 मिमी व्यास/51 मिमी लंबे कारतूस
- सेना में इस्तेमाल होने वाले सबसे ताकतवर कारतूसों में से एक
- **4 किलोग्राम से कम वजन**–हल्की होने के कारण लंबे ऑपरेशन के दौरान इसे लेकर चलना आसान।
- **500 मीटर मारक क्षमता**–यानि 5 फुटबॉल मैदानों की लंबाई जितनी प्रभावी रेंज।
- **आधुनिक गैस ऑपरेटेड सिस्टम**–लगातार फायरिंग के दौरान बेहतर प्रदर्शन और अधिक विश्वसनीयता।

**Newspaper of 8 July, 2026**

- **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आधुनिक व सबसे भारी प्रक्षेपणयान एलवीएम 3-एम-7 मिशन के लिए क्रायोजेनिक इंजन सीई-20 का फ्लाइट एक्सेप्टेंस हॉट टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। एलवीएम 3-एम-7 मिशन के तहत संचार उपग्रह जीसैट एन-3 (जीसैट-32) प्रक्षेपित किया जाना प्रस्तावित है।**
  **इसरो के अनुसार क्रायोजेनिक इंजन सीई-20 का यह परीक्षण तमिलनाडु के महेन्द्रगिरी स्थित इसरो प्रणोदन परिसर (आईपीआरसी) में किया गया।**
- **हाल ही में बिहार सरकार की घोषणा के अनुसार बिहार में स्टेट हाइवे पर टोल टैक्स केवल कमर्शियल वाहनों से लिया जाएगा। सीएम सम्राट चौधरी के कहे अनुसार निजी गाड़ियों से कोई टोल नहीं वसूल किया जाएगा। बिहार पथ कर प्रणाली 1979 में संशोधन किया गया है।**
- **ग्लोबल एयर पावर रैंकिंग 2026 जारी; भारतीय वायुसेना (आईएएफ) छठीं सबसे ताकतवर वायुसेना बनी–**

हाल ही में जारी 'वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट' के ताजा ग्लोबल एयर पावर्स रैंकिंग 2026 में भारतीय वायुसेना को दुनिया की छठी सबसे शक्तिशाली हवाई ताकत घोषित किया गया है।
आईएएफ ने चीनी वायुसेना और जापानी वायुसेना को पछाड़कर छठा स्थान हासिल किया है। सूची में अमरीका की अलग-अलग सैन्य शाखाओं (एयरफोर्स, नेवी, आर्मी और मरीन कॉर्प्स) ने टॉप 5 में से 4 स्थानों पर कब्जा जमाया है। टीवीआर में रूसी वायुसेना तीसरे स्थान पर रही।

| रैंक | वायुसेना | ट्रू वैल्यू रेटिंग |
|---|---|---|
| 1. | अमरीकी वायुसेना | 242.9 |
| 2. | अमरीकी नौसेना एविएशन | 142.4 |
| 3. | रूसी वायुसेना | 114.2 |
| 4. | अमरीकी थलसेना एविएशन | 112.6 |
| 5. | अमरीकी मरीन कॉर्प्स एविएशन | 85.3 |
| 6. | भारतीय वायुसेना | 69.4 |
| 7. | चीनी वायुसेना | 63.8 |
| 8. | जापानी वायुसेना | 58.1 |
| 9. | इजरायली वायुसेना | 56.3 |
| 10. | फ्रांसीसी वायुसेना | 55.3 |

इस रैंकिंग में ट्रू वैल्यू फॉर्मूले का इस्तेमाल होता है। इसमें विमानों की तकनीक, बेड़े का संतुलन, हमले और बचाव की क्षमता, लॉजिस्टिक सपोर्ट को मापा जाता है।
राफेल, सुखोई-30 एमकेआई, एलसीए तेजस, आधुनिक मिसाइल प्रणालियाँ, नेटवर्क-सेंट्रिक युद्ध क्षमता और लगातार बढ़ रहे स्वदेशीकरण ने भारतीय वायुसेना को नई मजबूती दी है।

- **हाल ही में आईआईटी बॉम्बे के शोधकर्ताओं ने संवेदनशील इलाकों के लिए एक उन्नत एआई-आधारित बाढ़ चेतावनी सिस्टम तैयार किया है। यह सिस्टम सेटेलाइट रडार डेटा और मशीन लर्निंग की मदद से 30 मीटर रिजोल्यूशन पर बाढ़ का सटीक अनुमान लगाता है। यह 93% से अधिक सटीकता के साथ बाढ़-प्रवण क्षेत्रों की पहचान करता है, जिससे तादरी से कन्याकुमारी तक के 55,000 वर्ग किमी. क्षेत्र में आपदाओं को कम करने में मदद मिलेगी।**
- **पीएम नरेन्द्र मोदी का इंडोनेशिया दौरा; सबांग बंदरगाह विकसित करने सहित कई समझौते हुए–**

7 जुलाई, 2026 को भारत और इंडोनेशिया ने कई अहम रणनीतिक समझौते किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के बीच सुपरसोनिक

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस, मिसाइल अस्त्र एमके-1, महत्त्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति शृंखला और सबांग बंदरगाह के विकास सहित कई महत्त्वपूर्ण रणनीतिक समझौते हुए।

समझौते के तहत भारत इंडोनेशिया को ब्रह्मोस मिसाइल प्रणालियाँ उपलब्ध कराएगा। साथ ही इंडोनेशियाई वायुसेना के सुखोई-30 लड़ाकू विमानों में अस्त्र एमके-1 मिसाइल का एकीकरण किया जाएगा। फिलीपीन्स और वियतनाम के बाद इंडोनेशिया तीसरा देश है, जिसने भारत से ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद की है। यह मिसाइल पहले से भारतीय वायुसेना के बेड़े का हिस्सा है और लंबी दूरी से हवाई लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। अस्त्र मिसाइल का पहली बार निर्यात किया जाएगा। नए समझौतों से दोनों देशों के रक्षा सहयोग, इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सामरिक संतुलन को और मजबूती मिलेगी। इसके अलावा दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और क्रिटिकल मिनरल्स सहित 20 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए।

सबांग बंदरगाह के संयुक्त विकास पर सहमति समझौते की उपलब्धि रहा। सुमात्रा द्वीप के उत्तरी सिरे पर स्थित यह गहरे पानी का बंदरगाह मलक्का जलडमरूमध्य के प्रवेश द्वार के निकट है।

भारत की ग्रेट निकोबार ट्रांसशिपमेंट परियोजना से इसकी दूरी करीब 160 किलोमीटर है। रणनीतिक दृष्टि से यह बंदरगाह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की समुद्री पहुँच, निगरानी क्षमता और लॉजिस्टिक सहयोग को नई मजबूती देगा।

**पीएम को 34वां सर्वोच्च सम्मान**–इंडोनेशिया के राष्ट्रपति-भवन इस्ताना मर्देका में पीएम मोदी को इंडोनेशिया के सर्वोच्च सम्मान से भी नवाजा गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ये करोड़ों भारतीयों का सम्मान है। पीएम मोदी को अब तक 34 देशों का सर्वोच्च सम्मान मिल चुका है। इस वर्ष ही उन्हें 8 देशों के सर्वोच्च सम्मान मिल चुके हैं।

**समझौते की बड़ी बातें**–

- भारत के 'ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स' (ओएनडीसी) की तर्ज पर इंडोनेशिया में आईओएन लॉन्च करने की घोषणा।
- अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग के लिए रणनीतिक समझौते का विस्तार।
- भारत इंडोनेशिया के लिए खास ईवीएम बनाने में मदद करेगा। इसे ईवीएम की वैश्विक मान्यता के तौर पर देखा जा रहा है।
- इंडोनेशिया में आईआईएम बेंगलूरु का अंतरराष्ट्रीय कैंपस स्थापित होगा।
- सेल और पीटी क्राकाटाउ स्टील मिलकर इंडोनेशिया में स्टेनलेस-स्टील स्लैब निर्माण इकाई लगाएंगे। साथ ही दुर्लभ खनिजों के विकास पर भी समझौता।
- अगले वर्ष रवींद्रनाथ टैगोर की इंडोनेशिया यात्रा के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दोनों देश टैगोर-देवान्तरा सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कूटनीति वर्ष मनाएंगे।
- यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल 'प्रमबानन मंदिर परिसर' के संरक्षण और जीर्णोद्वार के लिए भारत तकनीकी व कूटनीतिक मदद करेगा।
- **कृषि में मदद** : भारत इंडोनेशिया को 100 टन उच्च गुणवत्ता वाले डीडब्लूआर 162 गेहूँ के बीज की आपूर्ति करेगा।

## Newspaper of 10 July, 2026

- **जुलाई 2026 में डेनमार्क की दवा कंपनी नोवो नॉर्डिस्क ने भारत में दुनिया का पहला साप्ताहिक बेसल इंसुलिन 'अविकली' लॉन्च किया है। वयस्कों के टाइप-1 व टाइप-2 मधुमेह के इलाज के लिए मंजूर इस इंसुलिन की सप्ताह में एक डोज लेनी होगी, जिसके सालाना इंजेक्शन 365 से घटाकर 52 रह जाऐंगे। 70 यूनिट की साप्ताहिक डोज की कीमत करीब 261 रुपए (3.73 रुपए प्रति यूनिट) होगी। इस इंजेक्शन को भारतीय बाजार में उपलब्ध करवाया गया है।**

## Newspaper of 11 July, 2026

- **राष्ट्रमंडल खेल 2026 के लिए भारत के 191 सदस्यीय दल को मंजूरी मिली**–

10 जुलाई 2026 को केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने 23 जुलाई, 2026 से शुरू हो रहे राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 191 सदस्यीय भारतीय दल को मंजूरी दी। इस दल में 126 खिलाड़ी और 51 टीम अधिकारी शामिल हैं। 126 खिलाड़ियों में 78 पुरुष और 48 महिला खिलाड़ी हैं।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रमंडल खेलों में इस बार निशानेबाजी, हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती और क्रिकेट स्पर्धाएँ नहीं होंगी।

## Newspaper of 12 July, 2026

- **चेकिया की 21 वर्षीय युवा टेनिस खिलाड़ी लिंडा नोस्कोवा ने विम्बलडन 2026 का खिताब जीत लिया है। इसके साथ ही इस प्रतिष्ठित ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट को लगातार 10वीं नई महिला चैम्पियन मिली है। साल 2016 से हर बार टूर्नामेंट की टॉफी किसी नई खिलाड़ी ने उठाई है।**

**नोस्कोवा ने खिताबी मुकाबले में हमवतन खिलाड़ी कैरोलिना मुचोवा को 6-2, 5-7, 6-3 से हराया। यह नोस्कोवा का पहला मेजर टाइटल है। वह पहले ग्रैंड स्लेम के रूप में विम्बलडन जीतने वाले चौथी सबसे युवा है।**

- **10 जुलाई, 2026 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नेवल डॉकयार्ड में आईएनएस महेन्द्रगिरि को भारतीय नौसेना में कमीशन किया। यह प्रोजेक्ट-17ए की नीलगिरी कैटेगरी का छठा स्टेल्थ फ्रिगेट है। इसे बनाने में 75% से ज्यादा स्वदेशी उपकरण और तकनीक का इस्तेमाल हुआ है। आईएनएस महेन्द्रगिरि स्वदेशी अत्याधुनिक हथियारों, सेंसर और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम से लैस है। यह हवाई हमलों, दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों से एक साथ मुकाबला कर सकता है। इसकी लंबाई लगभग 149 मीटर और वजन 6670 टन है।**

## Newspaper of 13 July, 2026

- **12 जुलाई, 2026 को कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल धानी (74) का निधन हो गया। वह 1995 से 2013 तक कतर के शासक रहे। उनके निधन पर भारत सरकार ने 13 जुलाई को एक दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की। इस दिन पूरे देश में उन सभी सरकारी और सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहा, जहाँ नियमित रूप से तिरंगा फहराया जाता है।**

## Newspaper of 15 July, 2026

- **कर्नाटक सरकार ने घोषणा की है कि बेंगलुरु में देश का पहला सरकारी एआई विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा। इस विश्वविद्यालय की शाखाएँ मैसूर, मेंगलुरु, कलबुर्गी, बेलगावी और हुब्बल्ली-धारवाड़ में भी खोली जाएंगी। एआई विश्वविद्यालय को केम्पेगौड़ा हवाई अड्डे के पास दोड्डबल्लापुर क्षेत्र में विकसित किया जाना प्रस्तावित है।**
- **14 जुलाई, 2026 को भारतीय मूल के अमरीकी अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन 8 महिने लंबे स्पेस मिशन के लिए अन्तरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुँच गए। मेनन माइक्रोग्रेविटी का इंसान के शरीर पर होने वाले असर का अध्ययन करेंगे।**

## Newspaper of 16 July, 2026

- **केन्द्रीय कैबिनेट के 3 बड़े फैसले–**
  - ₹ 1.27 लाख करोड़ रुपए बजट वाली सेमीकॉन 2.0 योजना को मंजूरी दी।
  - यूरिया में आत्मनिर्भरता के लिए नई नीति को मंजूरी।
  - स्मार्टफोन उत्पादन के लिए ₹ 62,500 करोड़ की स्कीम, 5 वर्ष इन्सेंटिव मिलेगा।
- **सेमिकॉन 2.0 को मंजूरी–**

15 जुलाई, 2026 को भारत को ग्लोबल सेमीकंडक्टर हब बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने 1.27 लाख करोड़ रुपए बजट वाली सेमिकॉन 2.0 योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत चिप डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग, रिसर्च-डेवलपमेंट (आरएंडडी), नई फैब इकाइयों को स्थापित करने और कुशल मानव संसाधन तैयार करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, सेमिकॉन 2.0 सभी क्षेत्रों में आर्थिक विकास को गति देगा, सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन को मजबूत करेगा, राष्ट्रीय सुरक्षा को बेहतर बनाएगा और वैश्विक नेतृत्व में मदद करेगा।

**सेमिकॉन 2.0 के 6 मुख्य स्तंभ–**

- **डिजाइन–**अब तक 105 स्टार्टअप चिप डिजाइन पर काम शुरू कर चुके हैं। नई योजना के तहत रणनीतिक, व्यावसायिक उपयोग के लिए चिप, सिस्टम डिजाइन और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी (आईपी) विकसित करने पर जोर।
- **मशीन-कच्चा माल–**सेमीकंडक्टर निर्माण में उपयोग होने वाली मशीनें, सामग्री, रसायन और गैसों के उत्पादन और आरएंडडी से जुड़ी कंपनियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा।
- **ज्यादा फैब की स्थापना–**पहला सेमीकंडक्टर फैब 2028 तक शुरू होने की उम्मीद है। इसके बाद सिलिकॉन फैब, डिस्प्ले फैब जैसी नई इकाइयों के लिए ग्लोबल कंपनियों को आकर्षित करेगी।
- **उद्योग को मजबूती–**इस मिशन के माध्यम से चिप असेंब्लिंग, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग तकनीक लाई जाएगी।
- **आरएंडडी–**28 एनएम से 110 एनएम चिप से शुरुआत। अब उन्नत चिप तकनीक, एडवांस्ड नोड्स के विकास के लिए विदेश के प्रमुख संस्थानों के साथ होगा काम।
- **टेलेंट डेवलपमेंट–**देश के करीब 315 विश्वविद्यालयों में केंद्र की मदद से अब तक 68,000 छात्रों को आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन टूल्स के जरिए चिप डिजाइन का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। आगे क्लीन रूम, फैब निर्माण और अन्य तकनीकी कौशल पर कॉलेज स्तर के साथ उद्योग के साथ मिलकर काम करने की तैयारी।

- **यूरिया में आत्मनिर्भरता के लिए नई नीति–**

देश में यूरिया के उत्पादन को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए केंद्रीय कैबिनेट ने नई नेशनल इन्वेस्ट

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

पॉलिसी फॉर यूरिया 2026 को मंजूरी दे दी है। नीति का मकसद देश में गैस आधारित नए यूरिया प्लांट लगाने के लिए निवेश को बढ़ावा देना है। नीति में पहले के मुकाबले अब फिक्स्ड कॉस्ट, वैरिएबल कॉस्ट को अलग रखा जाएगा, जिसमें लागत तय करने में पारदर्शिता आएगी। निवेश करने वाली कंपनियों के लिए रिटर्न ऑन इक्विटी की संख्या 12% से 16% के बीच तय की गई है।

**इन्हें भी दी मंजूरी–**

- ₹ 14,448 करोड़ से वाराणसी में गंगा व ₹ 10,998 करोड़ के वरुणा नदी किनारे एलिवेटेड कॉरिडोर को मंजूरी।
- पारादीप-हरिदासपुर रेल लाइन दोहरीकरण और डांगुआपोसी-राजखरसावां के बीच चौथी रेल लाइन मंजूर।

■ **स्मार्टफोन उत्पादन के लिए ₹ 62,500 करोड़ की स्कीम–**

भारत को दुनिया का बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए केंद्रीय कैबिनेट ने 62,500 करोड़ रुपए की नई मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (एमपीएमएस) को मंजूरी दी है। पाँच साल तक चलने वाली इस योजना के अंतर्गत कंपनियों को उत्पादन बढ़ाने, घरेलू वैल्यू एडीशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट और भारतीय ब्रांड तैयार करने के लिए इंसेंटिव मिलेगा। सरकार का अनुमान है कि इस योजना से 39 लाख करोड़ रुपए के मोबाइल फोन का उत्पादन होगा। निर्यात बढ़ेगा और करीब 60,000 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर होंगे। इस योजना का मकसद देश में मोबाइल फोन उत्पादन बढ़ाने के साथ घरेलू वैल्यू एडिशन और सप्लाई को और मजबूत बनाना है।

**ऐसे बढ़ा मोबाइल उत्पादन और निर्यात**

| वर्ष | उत्पादन | निर्यात |
|---|---|---|
| 2014-15 | 1566 | 0.18 |
| 2019-20 | 27000 | 2.14 |
| 2024-25 | 200000 | 5.50 |
| 2025-26 | 262000 | 6.27 |

**कितना मिलेगा इंसेंटिव–**भारत में मोबाइल बनाने वाली कंपनियों को एलिजिबल सेल्स पर 2.25% से 5% तक इंसेंटिव। अगर कंपनियाँ प्रमुख पुर्जों और सब-असेंबली की घरेलू खरीद बढ़ाती हैं तो उन्हें 1.5% अतिरिक्त इंसेंटिव मिलेगा। भारतीय ब्रांड विकसित करने और उत्पादों के डिजाइन-आरएंडडी पर निवेश करने पर एलिजिबल सेल्स पर 3% अतिरिक्त इंसेंटिव।

## Newspaper of 17 July, 2026

■ **हाल ही में आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम, राजन राज चेट्टी और माइक्रोसॉफ्ट एक्जीक्यूटिव अशा शर्मा को अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने मौद्रिक नीति समीक्षा के लिए चुना है।**

■ **हाल ही में रोपड़ के तेगबीर सिंह महज 7 साल 10 महिने की उम्र में हिमाचल प्रदेश स्थित माउंट यूनम (6,111 मीटर) की चढ़ाई करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोही बन गए हैं। वे रूस के माउंट एल्ब्रस (5642 मी.) और अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊँची चोटी माउंट किलिमंजारो (5895 मी.) पर भी चढ़ाई कर चुके हैं।**

## Newspaper of 18 July, 2026

■ **17 जुलाई, 2026 को वेस्टइंडीज के महान ऑलराउंडर सर गैरी सोबर्स का निधन हो गया। वे 89 वर्ष के थे। सोबर्स ने 1954 से 1974 के बीच 93 टेस्ट और एक वन-डे में वेस्टइंडीज की टीम का प्रतिनिधित्व किया था। इस दौरान उन्होंने 93 टेस्ट मैचों में 26 शतकों के साथ 8032 रन बनाए और 235 विकेट लिए।**

■ **नीति आयोग की 'निवेश अनुकूलता सूचकांक' रिपोर्ट जारी; निवेश अनुकूलता में मध्य प्रदेश सातवें, राजस्थान 10वें और छग 12वें नंबर पर–**

देश में निवेश में आसानी के मामले में गुजरात पहले और महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर है जबकि मध्य प्रदेश सातवें, राजस्थान दसवें और छत्तीसगढ़ 12वें पायदान पर है। 17 जुलाई, 2026 को नीति आयोग ने निवेश अनुकूलता सूचकांक (इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली इंडेक्स, आईएफआई) रिपोर्ट जारी की जिसमें राज्यों को यह रैंकिंग दी गई है। इंफ्रास्ट्रक्चर, कारोबारी वातावरण, संसाधन, सरकारी नीति, रेगुलेटरी आसानी, इंस्टीट्यूशनल एन्वायरमेंट, वित्तीय सुदृढ़ता और एन्वायरमेंट रजिलिएंस के आधार पर यह आईएफआई तय की गई है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयोग की नौवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में निवेश अनुकूल चार्टर तैयार करने के लिए कहा था। पिछले साल के बजट में इस सूचकांक के जारी किए जाने की घोषणा की गई थी। बड़े राज्यों में नियामकीय सुगमता में राजस्थान दूसरे स्थान पर और गवर्नमेंट पॉलिसी के मामले में तीसरे स्थान पर है वहीं इंस्टीट्यूशनल एन्वायन्मेंट में तेरहवें और फाइनेंशियल हेल्थ के मामले में 15वें स्थान पर है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**राजस्थान का प्रदर्शन**

- एन्वायरन्मेंट रिजिलिएंस – 71%
- नियामकीय सुगमता – 67%
- इंस्टीट्यूशनल एन्वायरन्मेंट – 63%
- फाइनेंशियल हेल्थ – 52%
- संसाधन – 51%
- सरकारी नीति – 48%
- इंफ्रास्ट्रक्चर – 43%
- बिजनेस क्लाइमेट – 29%

**टॉप 12 राज्य**

| | | |
|---|---|---|
| 1. गुजरात | 2. महाराष्ट्र | 3. तमिलनाडु |
| 4. गोवा | 5. ओडिशा | 6. दिल्ली |
| 7. मध्य प्रदेश | 8. आंध्र प्रदेश | 9. कर्नाटक |
| 10. राजस्थान | 11. उत्तराखंड | 12. छत्तीसगढ़ |

■ **दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन 10 डिब्बों वाली, भारत में जींद-सोनीपत रूट पर शुरू हुई, 3200 हॉर्स पावर क्षमता–**

17 जुलाई, 2026 से हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन शुरू हो गई। इसके साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है जहाँ हाइड्रोजन से चलने वाली यात्री ट्रेनें चल रही हैं। जर्मनी सबसे पहले ऐसी यात्री ट्रेनें शुरू करने वाला देश था। फ्रांस, इटली, चीन और जापान में भी सीमित स्तर पर या परीक्षण के रूप में हाइड्रोजन ट्रेनें चलाई जा रही है। हालांकि वहाँ ज्यादातर दो से चार डिब्बों वाली ट्रेनें हैं। भारत की यह 10 डिब्बों वाली ट्रेन करीब 2,600 यात्रियों को ले जा सकती है, जिससे यह ज्यादा क्षमता वाली हाइड्रोजन ट्रेन बन गई है।

**हाइड्रोजन ट्रेन की विशेषताएँ–**

- देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन
- 2,600 यात्री कर सकते हैं इस एक ट्रेन में सफर
- 89 किमी. लंबे जींद-सोनीपत मार्ग पर चलेगी।
- 75 किमी./घंटा परिचालन गति और अधिकतम गति 110 किमी/प्रति घंटा
- 5 रुपए न्यूनतम और 25 रुपए अधिकतम किराया।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, लगे हैं खास सेंसर–**अगर हाइड्रोजन का रिसाव, ज्यादा गर्मी, आग या धुआं दिखाई देता है तो ट्रेन का सिस्टम कुछ ही सेकंड में इसका पता लगा लेगा और बिना किसी इंसानी हस्तक्षेप के हाइड्रोजन की सप्लाई अपने आप बंद कर देगा। ऐसे सेंसर लगाए गए हैं जो रिसाव, आग और धुएँ पर नजर रखते हैं।

**हाइड्रोजन-ऑक्सीजन से मिलकर चलती है–**यह ट्रेन अपने अंदर ही बिजली तैयार करती है। इसके लिए प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन फ्यूल सेल तकनीक का इस्तेमाल होता है। सिलेंडरों में भरी हाइड्रोजन हवा की ऑक्सीजन से मिल कर बिजली बनाती है, जिससे ट्रेन के मोटर चलते हैं। इस प्रक्रिया में केवल जलवाष्प ही निकलती है।

जींद में हाइड्रोजन के भंडारण, संपीड़न और आपूर्ति के लिए विशेष केंद्र भी बनाया गया है। यहाँ इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया से पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में अलग किया जाता है। हाइड्रोजन को 500 बार दबाव पर इकट्ठा किया जाता है और फिर 350 बार दबाव पर ट्रेन में भरा जाता है। यहाँ एक समय में 3,000 किलो हाइड्रोजन संग्रहित की जा सकती है, जो नियमित संचालन के लिए पर्याप्त है।

■ **भारत में पहली बार बने हाई-स्पीड वाटरजेट का सफल परीक्षण किया; तटरक्षक बल के 14 जहाजों में इस्तेमाल होगा–**

हाल ही में देश में पहली बार निर्मित मरीन जेट पावर (एमजेपी) हाई-स्पीड वाटरजेट प्रणाली का गोवा में सफल परीक्षण किया गया। स्वीडन से प्राप्त तकनीक के आधार पर विकसित इस अत्याधुनिक प्रणाली के सफल परीक्षण के साथ ही भारत में इसके स्वदेशी उत्पादन का मार्ग प्रशस्त हो गया है, अब तक इस तकनीक का आयात किया जाता था।

उल्लेखनीय है कि भारतीय तटरक्षक बल के लिए एमडीएल द्वारा बनाए जा रहे 14 फास्ट पेट्रोल वेसल इस स्वदेशी वाटरजेट प्रणाली से लैस होने वाले देश के पहले जहाज होंगे। इससे विदेशी कंपनियों पर निर्भरता घटेगी, रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत होगा और आपूर्ति शृंखला अधिक भरोसेमंद बनेगी। साथ ही जहाजों के रखरखाव, स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता और तटरक्षक बल की परिचालन क्षमता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

■ **ईपीएफओ ने हाल ही में लंबित जुर्माना व हर्जाना विवादों को सुलझाने के लिए 'विश्वास-2026' योजना शुरू की है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अनुसार योजना 6 महिने लागू रहेगी। इसका लाभ उन कंपनियों और संस्थानों को मिलेगा, जिन पर ईपीएफ नियमों के तहत जुर्माना या हर्जाना लगाया गया है।**

■ **17 जुलाई, 2026 को पीएम नरेन्द्र मोदी ने जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन से वर्चुअल माध्यम से देशभर के 75 अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन किया। इनमें राजस्थान के 8 अमृत भारत स्टेशन गोटन, डीग, सोमेश्वर, दौसा, खैरथल, बाड़मेर, जैसलमेर और गंगापुरसिटी भी शामिल हैं।**

**राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने गोटन पहुँचकर वहाँ**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**के अमृत भारत रेलवे स्टेशन का लोकार्पण किया तथा अन्य पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन भी आमजन को समर्पित किए।**

### Newspaper of 19 July, 2026

- **देश का पहला निजी रॉकेट लॉन्च, सैटेलाइट के लिए 'स्पेस कैब' विक्रम-1 का सफल प्रक्षेपण, 450 किमी की ऊँचाई पर सैटेलाइट स्थापित किया–**

18 जुलाई, 2026 को देश की पहली निजी स्पेस कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने अपने पहले रॉकेट विक्रम-1 का सफल परीक्षण कर इतिहास रच दिया। दोपहर 12:5 बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के लॉन्च पैड से विक्रम-1 ने सफल उड़ान भरी और तय समय पर सैटेलाइट को पृथ्वी से 450 किमी ऊँचाई पर निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। रॉकेट का नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है। इस उपलब्धि के साथ ही भारत, अमरीका और चीन के बाद तीसरा देश बन गया, जहाँ निजी कंपनियों ने अपने रॉकेट लॉन्च किए हैं। भारत के पहले निजी रॉकेट विक्रम-1 की सफलता से देश के आत्मनिर्भरता अभियान को बल मिलेगा।

**कैसा है रॉकेट :**

- ऊँचाई-24 मीटर (लगभग सात मंजिल), 1.7 मीटर व्यास।
- संरचना-पूरी तरह हल्का कार्बन कम्पोजिट स्ट्रक्चर।
- इंजन-खुद का बनाया 3डी प्रिंटेड इंजन और हाई थ्रस्ट सॉलिड फ्यूल बूस्टर्स।
- पेलोड क्षमता-350 किलो तक वजन के छोटे सैटेलाइट लॉ अर्थ ऑर्बिट में ले जाने में सक्षम।

**क्या-क्या लेकर गया विक्रम-1**

- महत्त्वपूर्ण डेटा जुटाने के लिए रॉकेट स्काईरूट निर्मित छोटे-सैटेलाइट लेकर गया है।
- देश का पहला स्पेस आर्ट लैब ग्रोन हीरों से बना 'कॉस्मिक ब्लूम'।
- 18 कैरेट सोने से बना छोटा रॉकेट, जिस पर सर सीवी रमन, डॉ. विक्रम साराभाई और डॉ. अब्दुल कलाम की उकेरी गई सूक्ष्म मूर्तियां हैं।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हस्तलिखित पोस्टकार्ड, जिस पर 'वंदे मातरम' लिखा है।

- **राष्ट्रमंडल खेल 2026 में मीराबाई चानू और लवलीना भारत की ध्वजवाहक होगी–**

ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू और लवलीना बोरगोहेन ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन समारोह में भारत की ध्वज और बैटन वाहक होगी। राष्ट्रमंडल खेल 2026 का उद्घाटन समारोह 23 जुलाई, 2026 को आयोजित किया जाएगा। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा है।

- **'वाइट रैबिट' तकनीक से भारतीय मानक समय का सुरक्षित प्रसार शुरू हुआ–**

केन्द्र सरकार ने 'एक राष्ट्र, एक समय' पहल के तहत भारतीय मानक समय (आईएसटी) के सुरक्षित और अत्यधिक सटीक प्रसार के लिए 'वाइट रैबिट' तकनीक पर आधारित प्रदर्शन नेटवर्क शुरू किया है। केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने बेंगलुरू स्थित क्षेत्रीय संदर्भ मानक प्रयोगशाला (आरआरएसएल) में इसका उद्घाटन किया।

उपभोक्ता मामलों के विभाग, सीएसआई आर-नेशनल फिजिकल लेबोरेटरी (सीएसआईआर-एनपीएल) और इसरो द्वारा विकसित यह नेटवर्क यूटीसी (एनपीएलआई)-ट्रेंसेबल भारतीय मानक समय का सुरक्षित प्रसार करेगा। इससे बैंकिंग, दूरसंचार, बिजली, परिवहन, डिजिटल शासन और अन्य महत्त्वपूर्ण अवसंरचनाओं में अत्यधिक सटीक समय समन्वय सुनिश्चित होगा तथा विदेशी समय स्रोतों पर भारत की निर्भरता घटेगी।

उल्लेखनीय है कि सरकार ने सीएसआईआर-एनपीएल, इसरो, सेबी, एनएसई और बीएसएनएल के सहयोग से बैंगलुरू से एनएसई चेन्नई तक सुरक्षित समय प्रसार का सफल सत्यापन भी पूरा किया।

### Newspaper of 20 July, 2026

- **भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु जापान ओपन जीतने वाली पहली भारतीय बनीं–**

जुलाई, 2026 में भारतीय बैडमिंटन स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु (31) इतिहास रचते हुए जापान ओपन जीतने वाली पहली भारतीय बनी हैं। उन्होंने टोक्यो में खेले गए जापान ओपन के फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी अकाने यामागुची को सीधे गेम में 21-17, 21-17 से हराकर अपना पहला सुपर 750 खिताब जीता। वे सबसे उम्रदराज (31 वर्ष 14 दिन) चैंपियन बन गई हैं।

- **फीफा वर्ल्ड कप 2026 का चैम्पियन का खिताब स्पेन ने जीता–**

स्पेन ने फीफा विश्व कप 2026 के फाइनल में अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर 16 साल बाद विश्व चैम्पियन का ताज अपने सर सजाया है। वर्ष 2010 के बाद स्पेन की टीम दूसरी बार

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

फुटबॉल विश्व चैंपियन बनने में सफल रही है। इससे पहले स्पेन ने 2024 में यूरो कप भी अपने नाम किया था। स्पेन ने वर्ष 2023 में इंग्लैण्ड को हराकर फुटबॉल महिला विश्व कप जीता था। इस तरह स्पेन पुरुष और महिला वर्ग में एक साथ विश्व चैंपियन बनने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है।

**फीफा विश्वकप 2026 के प्रमुख सितारे–**

**सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी–**पाउ क्यूबार्सी (स्पेन)-स्पेन की मजबूत रक्षा पंक्ति की अगुआई की।

**गोल्डन बूट–**किलियन एम्बाप्पे (फ्रांस) विश्वकप में रिकॉर्ड 22 गोल

**स्पेन के फुटबॉल में महिला एवं पुरुष टीम के खिताब एक नजर में–**

**महिला टीम : 11 खिताब**

| खिताब | साल |
|---|---|
| ♦ फीफा महिला विश्वकप | 2023 |
| ♦ यूएफा नेशंस लीग | 2024, 2025 |
| ♦ अंडर-20 विश्व कप | 2022 |
| ♦ अंडर-19 यूरो चैंपियनशिप | 2022, 2023, 2024, 2025, 2026 |
| ♦ अंडर-17 विश्व कप | 2022 |
| ♦ अंडर-17 यूरो चैंपियनशिप | 2024 |

**पुरुष टीम : 5 खिताब**

| खिताब | साल |
|---|---|
| ♦ फीफा विश्व कप | 2026 |
| ♦ यूरो कप | 2024 |
| ♦ यूएफा नेशंस लीग | 2023 |
| ♦ पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक | 2024 |
| ♦ अंडर-19 यूरो चैंपियनशिप | 2025 |

- **19 जुलाई, 2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया और रोमानिया की एक सप्ताह की यात्रा पर रवाना हुई हैं। उनके 19 जुलाई, 2026 से 25 जुलाई, 2026 के दौरे में व्यापार, निवेश, तकनीक और ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर रहेगा।**
- **मध्य प्रदेश कैबिनेट ने यूसीसी विधेयक के प्रस्ताव को मंजूरी दी–**

19 जुलाई, 2026 को मध्य प्रदेश की जगदीशपुर में हुई डेस्टिनेशन कैबिनेट में यूसीसी विधेयक के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को 15 अगस्त, 2026 से पहले मध्य प्रदेश में रहने वाले सभी धर्मों के लोगों के लिए लागू किया जाना प्रस्तावित है। यूसीसी लागू होने के बाद विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार और दत्तक ग्रहण जैसे मामलों में सभी धर्मों के लिए समान नियम होंगे।

- **कोलकाता में देश का पहला 'शब्द संग्रहालय' खुला–**

हाल ही में कोलकाता में देश के पहले इमर्सिव भाषा संग्रहालय 'शब्दलोक' का केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उद्घाटन किया। राष्ट्रीय पुस्तकालय में बने इस संग्रहालय में 22 भाषाओं, लिपियों और साहित्य की यात्रा दिखाई गई है। नौ दीर्घाओं में शब्दों की उत्पत्ति, मातृभाषा, मौखिक परम्परा, प्रदर्शन कलाओं व पुस्तकालयों का इतिहास शामिल है। इसे डिजिटल स्क्रीन, होलोग्राम, मोशन सेंसर व ऑडियो-विजुअल तकनीक से तैयार किया गया है। इसी के साथ केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हावड़ा में दुनिया के सबसे बड़े दही उत्पादन प्लांट की वर्चुअल आधारशिला रखी। 700 करोड़ से बनने वाले इस दही प्लांट में 30 लाख लीटर दूध प्रोसेस होगा।

## Newspaper of 21 July, 2026

- **20 जुलाई, 2026 को एंडी बर्नहैम (56) ब्रिटेन के 59वें प्रधानमंत्री बन गए हैं। पिछले 10 वर्षों में यह ब्रिटेन के सातवें प्रधानमंत्री हैं। कीर स्टार्मर के इस्तीफे के बाद बकिंघम पैलेस में किंग चार्ल्स तृतीय से सरकार बनाने का औपचारिक निमंत्रण स्वीकार किया और निमंत्रण स्वीकार करते ही आधिकारिक रूप से प्रधानमंत्री बन गए।**
- **अमेरिका में पहली बार किसी स्कूल में मानव जैसा दिखने वाला रोबोट 11वीं और 12वीं के छात्रों को पढ़ाने में शिक्षकों की सहायता करेगा। इसका नाम 'सैली' रखा गया है। सैली चल नहीं सकती। इसकी कीमत ₹ 50 लाख है। यह राशि न्यूयार्क में एक औसत शिक्षक के वार्षिक वेतन से भी कम बताई गई है।**

शुरुआत में रोबोट 'सैली' का इस्तेमाल केवल स्कूल के विशेष एआई और रोबोटिक्स कोर्स में किया जाएगा तथा बाद में सफल होने पर अन्य विषयों में भी इसका उपयोग किया जा सकता है। यह रोबोट आगे विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला और गणित विषय भी पढ़ा सकेगा।

उल्लेखनीय है कि रोबोटिक शिक्षकों का प्रयोग जापान, चीन, साउथ कोरिया में भी किया जा चुका है लेकिन अभी यह प्रयोग के स्तर तक ही सीमित है।

- **हाल ही में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने घोषणा की है कि 1 सितंबर, 2026 से सभी सरकारी कार्यों में बांग्ला भाषा का प्रयोग अनिवार्य होगा। पत्र, नोटिस, एफआईआर आवेदन, वेबसाइट व प्रेस विज्ञप्तियाँ सहित सभी पत्राचार बांग्ला में होंगे।**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **भारत में पहली डेंगू वैक्सीन 'क्यूडेंगा' को मंजूरी मिली, बिना टेस्ट 4 से 60 साल के लोगों को टीका लगेगा–**

हाल ही में ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने जापान की टाकेडा कंपनी को देश में पहली डेंगू वेक्सीन 'क्यूडेंगा' के लिए मंजूरी दे दी है। यह टीका न्यू ड्रग्स एंड क्लिनिकल ट्रायल्स रूल्स, 2019 के तहत 4 से 60 वर्ष की आयु के लोगों के लिए स्वीकृत किया गया है। किसी व्यक्ति को पहले डेंगू हुआ हो या ना हुआ हो, उसे यह टीका सुरक्षित रूप से लगाया जा सकता है।

**वैक्सीन ऐसे काम करेगी–**त्वचा के नीचे 0.5 मिलीमीटर की दो खुराकों के रूप में यह टीका देते है। दोनों खुराकों में तीन महिने का अंतर रखना होगा।

- यह वैक्सीन डेंगू वायरस के सभी चारों सेरोटाइप के खिलाफ सुरक्षा देगी। भारत से पहले 43 देशों में इसे मंजूरी मिल चुकी है।
- साढ़े चार साल बाद भी यह टीका अस्पताल में भर्ती होने से 84.1% तक सुरक्षा देने में सफल रहा है।

उल्लेखनीय है कि भारत में डेंगू के वैश्विक स्तर के कुल मामलों का लगभग एक तिहाई बोझ मौजूद है। साल 2025 में ही देश में डेंगू के दर्ज मामलों की संख्या 1,13,000 को पार कर गई थी।

## Newspaper of 22 July, 2026

- **हाल ही में एनएचएआई ने टोल प्लाजा के आस-पास रहने वाले लोगों के लिए लोकल टोल पास बनवाने के लिए अब प्रक्रिया डिजिटल कर दी है। अब टोल प्लाजा में 20 किमी. के दायरे में रहने वाले पात्र निवासी राजमार्ग यात्रा ऐप के जरिए घर बैठे ही मासिक लोकल पास बनवा सकेंगे। इसके लिए टोल प्लाजा जाकर आवेदन करने या दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन कराने की जरूरत नहीं होगी। यह सुविधा शुरू कर दी गई है। अभी यह सुविधा केवल निजी वाहन मालिकों के लिए होगी।**
- **बिहार के मुजफ्फरपुर में जन्में भारतीय मूल के लेबर सांसद कनिष्क नारायण को ब्रिटेन का पहला एआई मंत्री बनाया गया है। नए प्रधानमंत्री एंडी बर्नहैम ने पहली बार एआई मंत्रालय को कैबिनेट स्तर का दर्जा दिया है। वे 2024 में वेल्स से सांसद चुने गए थे।**
- **हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा हुई–**

हॉकी इंडिया ने बैल्जियम और नीदरलैंड में 15 से 30 अगस्त तक होने वाले हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। हरमनप्रीत सिंह को कमान सौंपी गई है। भारतीय टीम ने इकलौता हॉकी वर्ल्ड कप 1975 में जीता था।

**भारतीय टीम–**मोहित, सूरज, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), जरमनप्रीत, रोहिदास, जुगराज, संजय, सुमित, यशदीप, राजिंदर, अर्जुन, हार्दिक, मनप्रीत, नीलकंठ, विवेक, दिलप्रीत, शिलानंद, सुखजीत, मनदीप सिंह, अभिषेक।

## Newspaper of 23 July, 2026

- **पूर्व अग्निवीरों को केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) व असम राइफल्स में कॉन्स्टेबल तथा राइफलमैन पदों पर 50% आरक्षण मिलेगा। यह जानकारी गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में दी। इसके लिए पूर्व अग्निवीर की नई श्रेणी बनाई गई है।**
- **फ्रांस में 15 वर्ष से कम उम्र तो सोशल मीडिया नहीं चला पाएंगे; यूरोपीय संघ का पहला देश बना फ्रांस–**

ऑस्ट्रेलिया, तुर्किए, ब्रिटेन और इंडोनेशिया के बाद अब फ्रांस ने भी 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग को प्रतिबंधित कर दिया है। रोक लगाने वाले प्रस्ताव को फ्रांसीसी संसद के दोनों सदनों ने मंजूरी दे दी है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रों ने हाईस्कूल में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर भी पाबंदी लगा दी है।

उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया पर रोक हेल्थ वॉचडॉग की रिपोर्ट के बाद लगाई है। इसके अनुसार 12 से 17 वर्ष की उम्र के 90 प्रतिशत बच्चे और किशोर रोजाना स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते हैं। इसमें से आधे से ज्यादा बच्चे दिन में 5 घंटे तक ऑनलाइन रहते हैं।

- **22 जुलाई, 2026 को चीन के शंघाई तट के पास समुद्र में स्थापित जहाज आधारित प्रक्षेपण मंच से ग्रैविटी-1 कैरियर रॉकेट का सफल प्रक्षेपण किया गया।**
- **रेल विद्युतीकरण में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर; स्विट्जरलैंड के बाद भारत सबसे अधिक विद्युतीकृत रेल नेटवर्क वाला देश बना–**

भारतीय रेलवे ने रेल विद्युतीकरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए अपने 99.6 प्रतिशत ब्रॉडगेज नेटवर्क का विद्युतीकरण पूरा कर लिया है। इसके साथ ही भारत, स्विट्जरलैंड (100 फीसदी) के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा विद्युतीकृत रेल नेटवर्क बन गया है। रेलवे का कहना है कि शेष 0.4 प्रतिशत नेटवर्क पर भी तेजी से काम चल रहा है। रेल मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2014 से 2026 के बीच 48,072 रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण किया गया, जबकि आजादी के बाद लगभग 60 वर्षों में केवल 21,801 रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण हुआ था। अब सभी नई रेल

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

लाइन और मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाएँ शुरू से ही विद्युतीकरण के साथ विकसित की जा रही हैं। भारतीय रेलवे अपनी बिजली जरूरतों को नवीकरणीय ऊर्जा से पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**दुनिया के प्रमुख देशों में रेल विद्युतीकरण :** स्विट्जरलैंड 100% के साथ शीर्ष पर है, जबकि भारत 99.6% के साथ दूसरे स्थान पर। इसके बाद चीन में 82%, स्पेन में 67%, जापान में 64%, फ्रांस में 60% और ब्रिटेन में 39% रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण हो चुका है। भारत के राज्यों में राजस्थान 99.8% विद्युतीकरण के साथ लगभग पूर्ण विद्युतीकृत राज्य बन चुका है।

**डीजल पर निर्भरता में कमी :** रेलवे के विद्युतीकरण का सबसे बड़ा लाभ ईंधन की बचत के रूप में सामने आया है। 2015-16 में रेल संचालन के लिए 293 करोड़ लीटर डीजल की खपत होती थी, जो 2024-25 में घटकर 108 करोड़ लीटर रह गई। यानी एक दशक में 185 करोड़ लीटर डीजल की बचत हुई। इससे न केवल ईंधन आयात पर खर्च कम हुआ, बल्कि विदेशी मुद्रा की भी बड़ी बचत हुई।

**पर्यावरण को फायदा :** रेल मंत्रालय के अनुसार, रेल परिवहन सड़क परिवहन की तुलना में कहीं अधिक पर्यावरण अनुकूल है। एक टन माल को एक किलोमीटर ले जाने पर सड़क मार्ग से 101 ग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित होता है, जबकि रेल से केवल 11.5 ग्राम, यानी लगभग 89 प्रतिशत कम उत्सर्जन होता है।

- **भारतीय मूल के एयरोस्पेस इंजीनियरिंग छात्र अक्कू कुमार (अक्षज) के स्टार्टअप एरी एनालिटिक्स ने अमेरिका की प्रतिष्ठित टेक्सास न्यूवेंचर्स प्रतियोगिता में करीब 9.5 लाख रुपए से अधिक का पुरस्कार जीता है। स्टार्टअप ने 125 आवेदकों के बीच एलिवेटर पिच श्रेणी में चौथा स्थान हासिल किया। अक्कू टेक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटी में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के छात्र हैं।**
- **हाल ही में केन्द्र सरकार ने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन को नीति आयोग का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। अनुराग जैन पदभार संभालने की तारीख से दो वर्ष या अगले आदेश तक जो भी पहले हो, इस पद पर रहेंगे। अनुराग जैन को सितंबर 2024 में मध्य प्रदेश का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया था। मध्य प्रदेश में उनका पहला कार्यकाल 31 अगस्त, 2025 को पूरा हुआ था, जिसके बाद उन्हें एक साल की सेवा वृद्धि दी गई।**

## Newspaper of 24 July, 2026

- **डीआरडीओ ने लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली 'कुशा' मिसाइल का सफल परीक्षण किया–**

23 जुलाई, 2026 को भारत की स्वदेशी वायु रक्षा क्षमता को बड़ी मजबूती मिली है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने ओडिशा तट स्थित एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली 'कुशा' मिसाइल प्रणाली का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया। मिसाइल ने उच्च गति और अधिक ऊँचाई वाले हवाई हमले का अनुकरण करने वाले इलेक्ट्रॉनिक लक्ष्य को सटीक निशाना बनाया। यह प्रणाली लड़ाकू विमान, क्रूज मिसाइल, ड्रोन और बड़े सैन्य विमानों सहित विभिन्न हवाई खतरों को लंबी दूरी पर निष्क्रिय करने में सक्षम होगी। गौरतलब है कि भविष्य में इसे बहुस्तरीय 'सुदर्शन चक्र' वायुरक्षा प्रणाली का हिस्सा बनाया जाएगा और यह रूस की एस-400 प्रणाली के साथ मिलकर देश की सुरक्षा को और मजबूत करेगी।

## Newspaper of 25 July, 2026

- **कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन व भारोत्तोलन खिलाड़ी मीराबाई चानू भारतीय दल की ध्वजवाहिका रहीं–**

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के ग्लासगो में हुए उद्घाटन समारोह में भारत की मुक्केबाज लवलीन बोरगोहेन व भारोत्तोलन खिलाड़ी मीराबाई चानू भारतीय दल की ध्वजवाहिका रहीं।

- **भारत विकसित करेगा 4000 किलोग्राम हथियार ले जाने में सक्षम सुपरसोनिक स्टेल्थ ड्रोन; ये ड्रोन 45 हजार फीट की ऊँचाई तक उड़ सकता है–**

अब भारतीय वायुसेना भविष्य की युद्धक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ऐसे सुपरसोनिक स्टेल्थ लड़ाकू ड्रोन विकसित कर रही है, जो 4000 किलोग्राम तक हथियार ले जाने में सक्षम होंगे। ये लड़ाकू ड्रोन करीब 45000 फीट की ऊँचाई तक उड़ान भर सकेंगे। इनमें हवा से हवा और हवा से जमीन पर मार करने वाले हथियार ले जाने की क्षमता होगी।

**हर मिशन में होंगे कारगर :** इन ड्रोन का उपयोग निगरानी, टोही, गतिमान लक्ष्यों पर नजर रखने, तोपखाने को लक्ष्य निर्धारण में सहायता देने, सुरक्षा अभियानों, युद्धकालीन खोज एवं बचाव तथा समुद्री गश्त जैसे अभियानों में किया जा सकेगा। इनमें रडार, ऑप्टिकल, इन्फ्रारेड और अन्य उन्नत इलेक्ट्रॉनिक सेंसर लगाए जाने की योजना है। ये ड्रोन तेज गति से दिशा बदल सकेंगे।

**24 घंटे से अधिक उड़ान भरने वाला ड्रोन भी बनेगा :** भारतीय वायुसेना स्वदेशी रक्षा उद्योग के सहयोग से मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (एमएएलई) ड्रोन विकसित करने की भी तैयारी कर रही है। ये ड्रोन 30000 फीट से अधिक की ऊँचाई पर 24 घंटे से ज्यादा समय तक उड़ान भर सकेंगे। इनमें इलेक्ट्रॉनिक युद्ध की क्षमता भी होगी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

■ **कर्नाटक हाईकोर्ट में एक अगस्त को पूरी बेंच महिला जजों के नाम; धारवाड़ बेंच रचेगी इतिहास, महिला जज करेंगी सुनवाई–**

कर्नाटक हाईकोर्ट की धारवाड़ पीठ एक अगस्त को न्यायिक इतिहास रचने जा रही है। पहली बार अदालत की सभी सात पीठों पर केवल महिला न्यायाधीश मामलों की सुनवाई करेंगी। इसके लिए मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर विशेष रोस्टर जारी किया गया है। सात पीठों में तीन डिवीजन बेंच और चार एकल पीठ होंगी, जिन पर कुल 10 महिला जस्टिस बैठेंगी। इन पीठों में दीवानी, आपराधिक, संवैधानिक, कर, श्रम, शिक्षा, पारिवारिक और वाणिज्यिक मामलों की नियमित सुनवाई होगी। यह पहल इसलिए भी खास है क्योंकि पूरी तरह महिला जजों वाली पीठें अब तक बेहद कम बनी हैं। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट में पहली ऑल-वुमन बेंच 2013 में गठित हुई थी। इसके बाद 2018, 2022 और 2023 में भी ऐसी पीठें बनीं, लेकिन सभी अदालतों में एक साथ केवल महिला न्यायाधीशों की विशेष बैठक का अवसर बहुत दुर्लभ रहा है। हाईकोर्टों की बात करें तो इससे पहले केवल केरल हाईकोर्ट ने 2022 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला न्यायाधीशों की पूर्ण पीठ गठित की थी। उस पीठ में शामिल रहीं न्यायमूर्ति अनु शिवरामन अब कर्नाटक हाईकोर्ट में हैं और धारवाड़ की विशेष डिवीजन बेंच का हिस्सा होंगी।

**सातों पीठ को संभालेंगे निम्न जस्टिस :** जस्टिस अनु शिवरामन, जस्टिस के. जी. शांति, जस्टिस ज्योति एम. एवं, जस्टिस पी. श्री सुधा, जस्टिस ललिता कन्नेगंटी, जस्टिस के. एस. हेमलेखा, जस्टिस डॉ. चिल्लाकुर सुमलता, जस्टिस तारा वितस्ता गंजू, जस्टिस गीता के.बी., जस्टिस राजेश्वरी एन. हेगड़े।

■ **केन्द्र सरकार ने 'भव्य रसायन' योजना को मंजूरी दी; ₹3030 करोड़ की योजना से बनेंगे तीन केमिकल पार्क–**

हाल ही में केन्द्र सरकार ने रसायन क्षेत्र के लिए 3030 करोड़ रुपए की भारत औद्योगिक विकास योजना 'भव्य रसायन' को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में स्वीकृत इस योजना के तहत 3 डेडिकेटेड केमिकल पार्क स्थापित किए जाएंगे। इस योजना की घोषणा वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में की गई थी। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस स्कीम की बेसिक थीम प्लग एंड केमिकल पार्क है और इस स्कीम में केमिकल इंडस्ट्री के लिए स्पेशल आवश्यकताओं जैसे-कॉमन एंफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट का ध्यान रखा गया है। साथ ही ये पार्क इस इंडस्ट्री में वर्कर और अन्य सेफ्टी को ध्यान में रखकर बनाए जाएंगे। यह योजना 2026-27 से 2030-31 तक 5 वर्षों के लिए लागू रहेगी।

**प्लग-एंड-प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर :** इन पार्कों में उद्योगों के लिए आधुनिक साझा सुविधाएँ विकसित की जाएंगी, जिनमें कॉमन एंफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, ट्रीटमेंट-स्टोरेज एंड डिस्पोजल फैसिलिटी, जल आपूर्ति एवं वितरण प्रणाली, सॉल्वेंट रिकवरी एवं डिस्टिलेशन सुविधाएँ, स्टीम उत्पादन एवं वितरण नेटवर्क, इंटरकनेक्टेड पाइपलाइन नेटवर्क और लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग सुविधाएँ शामिल हैं।

**हर पार्क को 1000 करोड़ :** योजना के तहत केंद्र सरकार प्रत्येक केमिकल पार्क के लिए अधिकतम 1000 करोड़ रुपए का अनुदान देगी। इसके लिए संबंधित राज्य सरकार को कम से कम 500 करोड़ रुपए का योगदान देना होगा। इस योजना के लिए 3030 करोड़ रुपए का कुल वित्तीय प्रावधान किया गया है।

**ये होंगे फायदे :**

- रसायन उद्योग की पूरी वैल्यू चेन अपस्ट्रीम, डाउनस्ट्रीम और सहायक उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा।
- साझा इंफ्रास्ट्रक्चर से उत्पादन लागत और लॉजिस्टिक्स लागत कम होगी।
- निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और आयात पर निर्भरता घटेगी।
- घरेलू और विदेशी निवेश आकर्षित होगा।

■ **हाल ही में पांच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद को विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, फिडे के प्रमुख अकार्डी ड्योरकोविच को यूरोपीय संघ के प्रतिबंधित व्यक्तियों की सूची में शामिल कर दिया, जिसके बाद उन्होंने प्रतिबंध हटने तक अपना पद छोड़ दिया है, इसके बाद आनंद को यह जिम्मेदारी सौंपी गयी। यूरोपीय संघ ने अकार्डी पर यह प्रतिबंध रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के संदर्भ में लगाया है।**

■ **शूटिंग विश्व कप में निशानेबाज संयम ने 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत पदक जीता–**

हाल ही में भारतीय निशानेबाज संयम ने ISSF विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। 22 साल की भारतीय शूटर ने कुल 243.4 स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। वह स्वर्ण पदक जीतने से महज 2 अंक से चूक गई। यह संयम का विश्व कप में दूसरा पदक है, उन्होंने पिछले साल भी रजत पदक अपने नाम किया था।

**Newspaper of 26 July, 2026**

■ **हाल ही में यूनेस्को ने भगवान बुद्ध के प्रथम उपदेश स्थल सारनाथ को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया है।**

**भगवान बुद्ध का प्रथम उपदेश स्थल सारनाथ ज्ञान करुणा और सद्‌भाव का संदेश पूरी दुनिया को प्रेरित करता है। यह भारत की समृद्ध सभ्यतागत और आध्यात्मिक विरासत का वैश्विक सम्मान है।**

## Newspaper of 27 July, 2026

- **परीक्षा सुधार हेतु पीएम नरेंद्र मोदी ने नंदन नीलेकणि के नेतृत्व में हाईपावर्ड टास्क फोर्स का गठन किया–**

26 जुलाई, 2026 को परीक्षा ढाँचे को मजबूत करने की दिशा में पीएम नरेंद्र मोदी ने बड़ा कदम उठाते हुए प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ और इंफोसिस के को-फाउंडर नंदन नीलेकणि के नेतृत्व में हाईपावर्ड टास्कफोर्स का गठन किया है। इस टास्कफोर्स में निम्न को शामिल किया गया–

- **नंदन नीलेकणि**–आधार, यूपीआई विकसित करने में भूमिका, ऊर्जा ग्रिड डिजीटलीकरण में जुटे।
- **एस. सोमनाथ**–चंद्रयान-3 और आदित्य-एल 1 जैसे अंतरिक्ष अभियानों के अगुवा।
- **तपन डेका**–आंतरिक सुरक्षा और खुफिया तंत्र मजबूती के विशेषज्ञ।
- **वी. कामाकोटी**–शक्ति प्रोजेक्ट में भूमिका, एआई, साइबर सुरक्षा, अनुसंधान व नवाचार विशेषज्ञ।
- **अनिता करवाल**–नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, स्कूली शिक्षा में सुधार और शिक्षा प्रशासन की विशेषज्ञ।
- **अमृत लाल मीणा**–पीएम गतिशक्ति, मिशन से जुड़े रहे, लॉजिस्टिक और अवसंरचना प्रबंधन के विशेषज्ञ।

- **'अनाहत सिंह' विश्व जूनियर स्क्वैश जीतने वाली पहली भारतीय बनीं–**

हाल ही में 18 वर्षीय अनाहत सिंह विश्व जूनियर स्क्वैश चैम्पियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने महिला एकल के फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त रुकैया सलेम को 11-3, 11-7, 11-9 से हराया। अनाहत सिंह ने चैम्पियनशिप में 16 साल से चला आ रहा मिस्त्र का वर्चस्व खत्म किया।

- **मीराबाई चानू (भारोत्तोलक) लगातार तीन गोल्ड जीतने वाली भारतीय महिला बनीं–**

भारत की मीराबाई चानू ने कॉमनवेल्थ खेलों में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 26 जुलाई, 2026 को कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में महिलाओं के 48 किग्रा. वर्ग में कुल 190 किग्रा. वजन उठाया। वे कॉमनवेल्थ गेम्स की व्यक्तिगत स्पर्धा में लगातार तीन स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। इस तरह वे कॉमनवेल्थ गेम्स में कुल **4 पदकों के साथ सर्वाधिक पदक** जीतने वाली पहली भारतीय बनी है।

**मीराबाई चानू का कॉमनवेल्थ गेम्स में प्रदर्शन–**

| कॉमनवेल्थ | पदक | भारवर्ग |
|---|---|---|
| 2014 | रजत | 48 किग्रा. |
| 2018 | स्वर्ण | 48 किग्रा. |
| 2022 | स्वर्ण | 49 किग्रा. |
| 2026 | स्वर्ण | 48 किग्रा. |

- **26 जुलाई, 2026 को कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में वेटलिफ्टिंग में ऋषिकांत सिंह ने पुरुषों के 60 किग्रा. वर्ग में रजत पदक जीता। ऋषिकांत भी मणिपुर से है।**

- **सौ वर्ष पुराना सवाल हल करने पर चीन के गणितज्ञ वांग और डेंग ने 'गणित का नोबेल' जीता–**

गणित के लिए दुनिया का सबसे बड़ा पुरस्कार माना जाने वाला फील्ड्स मैडल पहली बार दो चीनी गणितज्ञों ने जीता है। होंग बांग और यू डेंग ने 1917 में पूछे गए सवाल 'अगर आप एक पेन्सिल को घुमाकर पूरा चक्कर लगाते हैं तो यह कम से कम कितना एरिया कवर करती है?' का जवाब खोज निकाला। वांग ने जापानी गणितज्ञ सोइची काकेया के साथ मिलकर इस समस्या का विश्लेषण किया कि पेंसिल किसी सपाट सतह पर नहीं, बल्कि 3-डाइमेंशनल स्पेस में तैर रही है। शिकागो यूनिवर्सिटी में गणित के प्रोफेसर डेंग ने 1900 में जर्मन गणितज्ञ डेविड हिल्बर्ट के सवाल को हल किया। विजेताओं को 15000 कनाडाई डॉलर पुरस्कार राशि मिली है।

- **हाल ही में नेपाल सरकार ने भारतीय यात्रियों और नागरिकों को प्रति व्यक्ति अधिकतम 25000 तक के 200 और 500 रुपए के नए भारतीय नोट ले जाने की अनुमति दी है। लगभग एक दशक पुराने प्रतिबंध के हटने से पर्यटन और सीमावर्ती व्यापार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। पुराने 500 और 1000 रुपए के नोट अब भी प्रतिबंधित रहेंगे।**

## Newspaper of 28 July, 2026

- **भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में 81 रन की पारी खेली और दूसरा अर्द्धशतक लगाया। वे अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी प्रारूप में 15 वर्ष की उम्र में दो अर्द्धशतक लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने हैं।**

- **केन्द्र सरकार ने RBI को प्लास्टिक नोट जारी करने के ट्रायल को मंजूरी दी–**

हाल ही में केन्द्र सरकार ने आरबीआई को ₹ 10 और ₹ 20 के एक-एक अरब (100 करोड़) प्लास्टिक नोट (पॉलिमर बैंकनोट) फील्ड ट्रायल के लिए जारी करने की मंजूरी दे दी है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में लिखित

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

जवाब में बताया कि आरबीआई ने प्लास्टिक नोट फील्ड ट्रायल के लिए जारी करने और ट्रायल सफल रहने पर ₹ 10 और ₹ 20 मूल्यवर्ग के प्लास्टिक नोटों को नियमित रूप से जारी करने की मंजूरी मांगी थी, जिसे सरकार ने मंजूरी दे दी है। इससे पहले प्लास्टिक के नोट छापने के लिए घरेलू-ग्लोबल कंपनियों को आकर्षित करने के लिए आरबीआई ने टेंडर जारी किए थे। प्लास्टिकनोट मौजूदा कागज (पेपर सब्सट्रेट) वाले नोटों के साथ-साथ जारी किए जाएंगे। फिलहाल कागज के नोटों को पूरी तरह प्लास्टिक नोटों से बदलने का कोई प्रस्ताव नहीं है। अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों से पता चलता है कि प्लास्टिक नोटों की उपयोग अवधि (लाइफ स्पैन) कागज के नोटों की तुलना में काफी अधिक है। प्लास्टिक नोटों की शुरुआत अभी शुरुआती चरण में है। इनके नियमित रूप से जारी होने के बाद ही यह आकलन किया जा सकेगा कि इनका डिजिटल भुगतान पर कोई प्रभाव पड़ता है या नहीं।

### Newspaper of 29 July, 2026

- **हाल ही में केन्द्र सरकार ने सरकारी वाहनों के दुरुपयोग और खर्च में कटौती के लिए 'एक अधिकारी-एक सरकारी कार' नियम लागू किया है। वित्त मंत्रालय ने सभी मंत्रालयों और विभागों को इसे सख्ती से लागू करने को कहा है। अब अतिरिक्त मंत्रालय, विभाग, सार्वजनिक उपक्रम या स्वायत्त संस्था का प्रभार होने पर भी अधिकारी को दूसरी सरकारी कार नहीं मिलेगी।**
- **हाल ही में अमेरिकी बिजनेसमैन एलन मस्क ने 'एक्स मनी' सेवा शुरू की है। यह सेवा 41 अमेरिकी राज्यों के प्रीमियम और प्रीमियम+यूजर्स को ही मिलेगी। लोग बिना शुल्क तुरंत पैसे भेज सकेंगे। उन्हें ब्याज वाला डिपोजिट अकाउंट और वीसा डेबिट कार्ड मिलेगा। कार्ड से खरीद पर 3% कैशबैक मिलेगा।**

### Newspaper of 31 October, 2025

## राष्ट्रमंडल खेल 2026

राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (CGF) द्वारा 23 जुलाई से 2 अगस्त, 2026 के बीच राष्ट्रमंडल खेल 2026 का आयोजन ग्लासगो, स्कॉटलैण्ड (यूनाइटेड किंगडम) में हुआ।

इसके आयोजन स्थल टॉलक्रॉस इंटरनेशनल स्विमिंग सेंटर, ग्लासगो इंटरनेशनल एरीना, इडीएफ स्कॉटस्टॉन स्टेडियम, स्कॉटिश इवेंट केम्प्स (SEC) रहे। इसमें 74 राष्ट्रमंडल देशों ने भाग लिया। इसका शुभंकर फिन्नी (Finnie); एक ग्लासवेगियन यूनिकॉर्न है। यूनिकॉर्न स्कॉटलैंड का राष्ट्रीय पशु है और फिन्नी का नाम ग्लासगो के प्रसिद्ध Finniestion Crane से लिया गया है।

इसमें शामिल खेल एवं पैरा खेल निम्न रहे-1. बास्केटबॉल एण्ड व्हीलचेयर बास्केटबॉल, 2. जिमनास्टिक (आर्टिस्टिक), 3. एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स, 4. बाउल्स और पैरा बाउल्स, 5. मुक्केबाजी, 6. जूडों, 7. नेटबॉल, 8. तैराकी एवं पैरा तैरांकी, 9. ट्रैक साइक्लिंग एवं पैरा ट्रैक साइक्लिंग, 10. भारोत्तोलन एवं पैरा भारोत्तोलन।

दक्षिण अफ्रीका के तैराक चाड ले क्लोस राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में सर्वाधिक 21 पदक जीतने वाले एथलीट बन गए हैं। उन्होंने 7 स्वर्ण, 5 रजत और 9 कांस्य पदक जीते।

**23वें राष्ट्रमंडल खेल 2026 की पदक तालिका (टॉप 10 राष्ट्र)**

| रैंक | स्पर्द्धा | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 70 | 45 | 56 | 171 |
| 2 | इंग्लैण्ड | 29 | 45 | 36 | 110 |
| 3 | कनाडा | 19 | 20 | 23 | 62 |
| 4 | भारत | 13 | 17 | 9 | 39 |
| 5 | स्कॉटलैण्ड | 13 | 9 | 17 | 39 |
| 6 | न्यूजीलैण्ड | 10 | 14 | 12 | 36 |
| 7 | नाइजीरिया | 10 | 7 | 7 | 24 |
| 8 | जमैका | 9 | 10 | 12 | 31 |
| 9 | वेल्स | 9 | 10 | 12 | 31 |
| 10 | मलेशिया | 8 | 3 | 5 | 16 |

**राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रदर्शन-**

- भारत के 124 सदस्यीय खिलाड़ी दल में 78 पुरुष और 46 महिला खिलाड़ी शामिल रहे। भारत की ओर से भारोत्तोलक मीराबाई चानू उद्‌घाटन समारोह (23 जुलाई, 2026) में भारतीय ध्वजवाहक बनीं। मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने समारोह की प्रतीकात्मक किंग्स बैटन लेकर भारतीय दल का प्रतिनिधित्व किया। ग्लासगो 2026 में पहली बार 74 कॉमनवेल्थ देशों और क्षेत्रों को उनकी संस्कृति और पहचान को दर्शाने वाले विशेष रूप से डिजाइन किए गए अलग-अलग बैटन सौंपे गए। उद्‌घाटन समारोह के दौरान ये सभी बैटन एक साथ लाए गए, जिसके बाद आधिकारिक रूप से कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का शुभारंभ हुआ।
- 2 अगस्त, 2026 को राष्ट्रमंडल खेल 2026 के समापन समारोह में भारतीय मुक्केबाज जैस्मीन लम्बोरिया ध्वजवाहक (फ्लैग बियरर) बनीं।

**राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारतीय पदक विजेता**

**मुक्केबाजी (7 स्वर्ण व 3 रजत कुल सहित 10 पदक)**

| विजेता खिलाड़ी | पदक | स्पर्द्धा |
|---|---|---|
| प्रीति पंवार | स्वर्ण | महिला 54 किग्रा. |
| जैसमीन लैम्बोरिया | स्वर्ण | महिला 57 किग्रा. |

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

| | | |
|---|---|---|
| साक्षी चौधरी | स्वर्ण | महिला 51 किग्रा. |
| प्रिया घंगास | स्वर्ण | महिला 60 किग्रा. |
| अरुंधति चौधरी (राज.) | स्वर्ण | महिला 70 किग्रा. |
| सचिन सिवाच | स्वर्ण | पुरुष 60 किग्रा. |
| अंकुश फंगाल | स्वर्ण | पुरुष 80 किग्रा. |
| जादुमणि सिंह | रजत | पुरुष 55 किग्रा. |
| लोवलिना बोरगोहेन | रजत | महिला 75 किग्रा. |
| नरेन्द्र बेरवाल | रजत | पुरुष $90^+$ किग्रा. |

**एथलेटिक्स ( 5 रजत व 5 कांस्य सहित कुल 10 पदक )**

| विजेता खिलाड़ी | पदक | स्पर्द्धा |
|---|---|---|
| सर्वेश कुशारे | रजत | पुरुष ऊँची कूद (2.25 मी.) |
| मुरली श्रीशंकर | रजत | पुरुष लम्बी कूद (8.09 मी.) |
| प्रवीण चित्रवाल | रजत | पुरुष ट्रिपल कूद (16.58 मी.) |
| नीरज चोपड़ा | रजत | पुरुष जेवेलिन थ्रो (85.83 मी.) |
| गुलवीर सिंह | रजत | पुरुष 10000 मी. (समय : 27:49.78) |
| यशवीर सिंह | कांस्य | पुरुष जेवेलिन थ्रो (85.41 मी.) |
| सेल्वे प्रभू | कांस्य | पुरुष ट्रिपल कूद (16.52 मी.) |
| सीमा कालिरामना | कांस्य | पुरुष डिस्कस थ्रो (58.65 मी.) |
| तेजस्विनी शंकर | कांस्य | पुरुष डेकाथलान (7976 पॉइंट) |
| गुलवीर सिंह | कांस्य | पुरुष 5000 मी. (समय : 13:24.95) |

**पैरा एथलेटिक्स ( 3 स्वर्ण, 2 रजत व 1 कांस्य सहितकुल 6 पदक )**

| विजेता खिलाड़ी | पदक | स्पर्द्धा |
|---|---|---|
| शर्मिला धनकड़ | स्वर्ण | महिलाओं की शॉटपुट F57 (9.81 मी.) |
| दिलीप गावित | स्वर्ण | पुरुषों की 100 मीटर दौड़ T47 (10.71 सैकण्ड) |
| सोमन राणा | स्वर्ण | पुरुषों की शॉटपुट F57 (13.40 मी.) |
| मोहम्मद बासिल | रजत | पुरुषों की 100 मी. दौड़ T47 (10.83 सैकण्ड) |
| शुभम जुआल | रजत | पुरुषों की शॉटपुट F57 (13.28 मी.) |
| शिल्पा शायला | कांस्य | महिलाओं की शॉटपुट F57 (7.26 मी.) |

**जूडो (2 स्वर्ण, 1 रजत व 1 कांस्य सहित कुल 4 पदक)**

| विजेता खिलाड़ी | पदक | स्पर्द्धा |
|---|---|---|
| हर्ष सिंह | स्वर्ण | पुरुष 60 किग्रा. |
| अस्मिता डे | स्वर्ण | महिला 48 किग्रा. |
| यामिनी मौर्य | रजत | महिला 57 किग्रा. |
| उन्नति शर्मा | कांस्य | महिला 63 किग्रा. |

अस्मिता डे भारत की पहली राष्ट्रमंडल जूडो स्वर्ण पदक विजेता बनीं। तथा हर्ष सिंह ने भारत को दूसरा जूडो स्वर्ण दिलाया।

**भारोत्तोलन (1 स्वर्ण, 6 रजत व 1 कांस्य सहित कुल 8 पदक)**

| विजेता खिलाड़ी | पदक | स्पर्द्धा |
|---|---|---|
| मीराबाई चानू | स्वर्ण | महिला 48 किग्रा. (190 किग्रा.) |
| रिषीकांत चनामबम | रजत | पुरुष 60 किग्रा. (264 किग्रा.) |
| मुथुपंथी राजा | रजत | पुरुष 65 किग्रा. (286 किग्रा.) |
| अजय बाबू वलूरी | रजत | पुरुष 79 किग्रा. (330 किग्रा.) |
| लवप्रीत सिंह | रजत | पुरुष $110^+$ किग्रा. (388 किग्रा.) |
| ज्ञानेश्वरी यादव | रजत | महिला 53 किग्रा. (199 किग्रा.) |
| हरजिंदर कौर | रजत | महिला 69 किग्रा. (227 किग्रा.) |
| बिंद्यारानी देवी सारोखिबाम | कांस्य | महिला 58 किग्रा. (199 किग्रा.) |

मीराबाई चानू लगातार तीन राष्ट्रमंडल खेलों (2018, 2022 और 2026) में स्वर्ण जीतने वाली पहली महिला भारोत्तोलक बनीं। उन्होंने महिला 48 किग्रा में स्नैच 85 किग्रा, क्लीन एंड जंक 105 किग्रा और कुल 190 किग्रा के तीन खेल रिकॉर्ड बनाए।

**पैरा पॉवरलिफ्टिंग**

| विजेता खिलाड़ी | पदक | स्पर्द्धा |
|---|---|---|
| झंडु कुमार | कांस्य | पुरुषों की हेवीवेट (130.9) |

**कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 : खेलवार भारत की पदक तालिका**

| खेल | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| एथलेटिक्स | 0 | 5 | 5 | 10 |
| पैरा एथलेटिक्स | 3 | 2 | 1 | 6 |
| जूडो | 2 | 1 | 1 | 4 |
| भारोत्तोलन | 1 | 6 | 1 | 8 |
| पैरा पॉवरलिफ्टिंग | 0 | 0 | 1 | 1 |
| मुक्केबाजी | 7 | 3 | 0 | 10 |
| **कुल** | **13** | **17** | **9** | **39** |

□□□


संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com


# संजीव®

**51 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी


## आगामी परीक्षाओं हेतु राजस्थान सामान्य ज्ञान PYQ की श्रेष्ठ पुस्तकें
## प्रत्येक प्रश्न की विस्तृत व्याख्या





## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित अन्य प्रमुख पुस्तकें










संजीव प्रकाशन

Join Our App

संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

**प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर**

Visit us at : www.sanjivprakashan.com